सादर प्रकाशनार्थ

कपासन 24 अगस्त, 2023, आर. एन. टी. कॉलेज के कम्प्यूटर विज्ञान संकाय द्वारा ''नई एजूकेशन पोलिसी एवं आई.टी. का योगदान'' विषय पर अतिथि व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. एस.एन.ए. जाफरी ने बताया कि अतिथि व्याख्यानमाला की श्रंखला में कम्प्यूटर विज्ञान के उद्‌भट विद्वान डॉ. डी. एन. व्यास , सेवानिवृत प्राचार्य माणिक लाल वर्मा महाविद्यालय, भीलवाडा ने अपनी रोचक वार्ता प्रस्तुत करते हुए बताया कि वर्तमान सदी एवं नई सदी में कम्प्यूटर विज्ञान अपने शिखर पर पहुंच रहा है। ज्ञान एवं मार्केट संवेदनाओं में इसका अपना अनूठा महत्व है, आज देश को उच्च गुणवत्तायुक्त आईटी के ज्ञाता व्यक्तियों की आवश्यकता है, न कि सफलतम व्यक्तियो की, विकास सोच के साथ जुडी हुई है। हमें देश के मजदूर एवं किसानों का भी सम्मान करना चाहिए एवं ज्ञान के द्वारा मस्तिष्क का परिमार्जन करना चाहिए ताकि देश को सकारात्मक विचारों वाले इन्सान एवं टेक्नोलोजी मिल सके। व्याख्यानमाला की अगली श्रंखला डॉ. सी.डी. कुमावत ने कम्प्यूटर क्षेत्र में ऑनलाइन जोब, प्रोग्रामिंग, वर्क फ्रोम होम, केरियर इन प्रोग्रामिंग को विस्तार से समझाया।

अतिथि व्याख्यानमाला का शुभारम्भ मां शारदे के दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। अतिथि व्याख्याता डॉ. डी. एन. व्यास का स्वागत महाविद्यालय प्रबन्ध निदेशक डॉ. वसीम खान ने किया। विभागाध्यक्ष श्याम सुन्दर लावटी ने प्रो. व्यास का संक्षिप्त परिचय देते हुए कहा कि वर्तमान में आईटी का बोलबाला निरंतर बढ रहा है। समय की मांग को ध्यान में रखते हुए व्यक्तियों को इसके ज्ञान से पूर्ण होना चाहिए। समापन पर सहा. आचार्य दीपक नलवाया ने आभार व्यक्त किया। अतिथि व्याख्यान माला में आर.एन. विजयवर्गीय, सोनू बारेगामा, निखिल गर्ग, स्टॉफगण तथा विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

प्राचार्य